**पद : सह/प्रधान परामर्शदाता – इन्क्यूबेशन** **पद कोड :** CON-26

**कुल पद** : 02 (दो)

**अवधि :** यह नियुक्ति प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए संविदात्मक है एवं विभागीय आवश्यकता एवं कार्य प्रदर्शन के आधार पर नवीनीकरण किया जा सकता है।

**समेकित शुल्क** : सह परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क 75,000/- रुपये प्रति माह तथा प्रधान परामर्शदाता हेतु समेकित शुल्क 1,40,000/- रुपये प्रति माह होगा।

**कार्य विवरण :** बाइरैक द्वारा देश भर में **75** बायोइन्क्यूबेशन केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह एक विस्तारित इन्क्यूबेशन नेटवर्क है जो बायोटेक स्टार्टअप्स को सुविधा प्रदान करता है तथा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परामर्शदाता का मुख्य कार्य इन्क्यूबेशन टीम का सहयोग करना तथा उनके साथ मिलकर काम करना है।

**रिपोर्टिंग प्रणाली** : परामर्शदाता को प्रत्येक कार्य हेतु आवश्यक रूप से अध्यक्ष - एसपीईडी को रिपोर्ट करना होगा।

**मुख्य उत्तरदायित्व :**

- पारिस्थितिकी तंत्र अंतराल और विकास के अवसरों को समझने एवं पहचानने हेतु एस एंड टी इन्क्यूबेशन, विशेष रूप से बायोटेक इन्क्यूबेशन में शामिल हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करना।
- नए बायोनेस्ट इन्क्यूबेटरों के चयन, पहचान एवं संचालन हेतु बाइरैक में इन्क्यूबेशन टीम लीड के साथ काम करना
- अनुदान के सामयिक वितरण एवं खपत की निगरानी की दिशा में काम करना।
- परिचालन गतिविधियों, निगरानी, ऑनलाइन पोर्टल अपडेट हेतु इन्क्यूबेशन टीम का सहयोग करना।
- प्रस्तावों की तकनीकी जांच हेतु विषय विशेषज्ञों के साथ क्षेत्र भ्रमण की व्यवस्था करना
- हितधारक संबंधी कार्यक्रमों के आयोजन में इन्क्यूबेशन लीड की सहायता करना
- निर्बाध सहयोग के माध्यम से टीम के उद्देश्यों और लक्ष्यों में योगदान करना। आंतरिक एवं बाह्य अनुपालन संबंधी जिम्मेदारियों का समय पर पालन करना।
- समय-समय पर प्रदान किए गए किसी अन्य कार्य में वरिष्ठ अधिकारियों की सहायता करना।
- घरेलू यात्रा हेतु तत्परता।

**अनिवार्य योग्यता :**
**सह परामर्शदाता** : किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से एम.एससी. / एम.टेक/ जीवन विज्ञान/जैव-चिकित्सा विज्ञान/इन्क्यूफार्मेसी/किसी अन्य संबद्ध जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में **4** वर्षीय व्यावसायिक स्नातक डिग्री कार्यक्रम।

**प्रधान परामर्शदाता** : किसी प्रतिष्ठित संस्थान से जीवन विज्ञान में स्नातक।

**अनुभव :**

**सह परामर्शदाता :** किसी सार्वजनिक या निजी संगठन में उद्यमिता विकास/ इन्क्यूबेशन गतिविधियों में न्यूनतम 2 वर्ष के अनुभव के साथ 3 से 10 वर्ष के बीच।

**प्रधान परामर्शदाता** : उत्पाद/प्रौद्योगिकी विकास/निवेश जुटाने में 15 वर्षों के उद्योग अनुभव के साथ 20 वर्ष और उससे अधिक का अनुभव ; जो प्रदर्शित परिणाम के साथ एक तकनीकी सलाहकार/निवेशक/सेवा प्रदाता के रूप में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में शामिल रहा हो।

**अधिकतम आयु** : रिक्ति की अंतिम तिथि के अनुसार।

**सह परामर्शदाता : 45 वर्ष**
**प्रधान परामर्शदाता : 60 वर्ष**